**प्रेसनोट**
**दिनांक 21.09.2025**

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से मन्दिर चोरी का घण्टा बरामद-**

**कार्यवाहीः-**
श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के  पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 0738/2025 धारा 303(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त पुष्पेन्द्र पाण्डेय पुत्र उमानाथ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मन्दिर से चोरी किया हुआ घण्टा बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**
वादी शशिकान्त श्रीवास्तव S/O श्री कृष्ण कान्त श्रीवास्तव निवासी ग्राम बभनी कानुनगो थाना कोतवाली नगर गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 20.09.2025 को दोपहर 03.00 बजे किसी अज्ञात चोर द्वारा बभनी कानूनगो स्थित दुर्गा माता मन्दिर से घण्टा चोरी कर लिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 21.08.2025 को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा चोरी करने के आरोपी अभियुक्त पुष्पेन्द्र पाण्डेय पुत्र उमानाथ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मन्दिर से चोरी किया हुआ घण्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**
01. पुष्पेन्द्र पाण्डेय पुत्र उमानाथ उम्र करीब 32 वर्ष नि0 मछलीगांव रोहावां थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**
01. मु0अ0सं0-408/2025, धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**
01. बभनी कानूनगो मन्दिर से चोरी किया हुआ 01 अदद घण्टा

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**
01. उ0नि0 सुभाष विश्वकर्मा मय हमराह
02. का० गोविन्द कुमार
03. का० संजय सोनकर

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान**
**दिनांक : 21.09.2025**

**मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 का शुभारंभ-**

**पुलिस अधीक्षक ने आगामी नवरात्रि पर्व के अवसर पर विशेष मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूटी दस्ता को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना-**

मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार आज दिनांक 21.09.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्त व जागरूक बनाने तथा विभिन्न महिला संबंधी हेल्पलाइन नंबरों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु महिला स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर अंबेडकर चौराहा से एलबीएस चौराहा-गुरुनानक चौराहा - बड़गाँव चौराहा होते हुए कोतवाली नगर में समाप्त किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों का एक बड़ा कारण अशिक्षा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपनी बेटियों को हर हाल में शिक्षित करें, ताकि वे किसी भी कार्य में सक्षम हो सकें। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, परंतु उन्हें और अधिक स्वावलम्बी बनाने के लिए उनमें नेतृत्व की भावना जागृत करना अत्यंत आवश्यक है। यदि बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित होगी तो वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनकर आत्मनिर्भर होंगी।

**मिशन शक्ति 5.0 संबंधी शासन के विशेष निर्देश-**

-महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वाले अपराधियों को त्वरित एवं कठोर सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी की जाए।
-महिला बीट पुलिसिंग को मजबूत करते हुए सभी महिलाओं तक पुलिस की सीधी पहुँच सुनिश्चित की जाए।
-एंटी रोमियो स्क्वॉड को प्रभावी रूप से संचालित किया जाए।
-मिशन शक्ति के तहत सभी थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क सक्रिय रहकर महिलाओं/बालिकाओं की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करें।
-नवरात्रि पर्व एवं अन्य आयोजनों के दौरान विशेष सतर्कता बरतते हुए महिला सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

**समस्त थानों पर महिला सुरक्षा केंद्र की स्थापना-**

महिला सुरक्षा संबंधी समस्त पुलिस सेवाओं को एकीकृत करते हुए प्रत्येक थाने पर महिला सुरक्षा केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र के माध्यम से महिला हेल्प डेस्क, बीट पुलिसिंग, एंटी रोमियो स्क्वॉड, 1090, 181, 112 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं को एक ही इकाई के रूप में समन्वित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इससे महिलाओं की शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित होगा और पुलिस की पहुँच सीधे तौर पर प्रत्येक महिला तक स्थापित होगी।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 के उद्देश्यों को सार्थक करने हेतु सभी थानों पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी मौके पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को सुनेंगे और प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करेंगे। इसी क्रम में ग्राम चौपाल का आयोजन कर गाँव-मोहल्लों में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी संदेश दिए जाएंगे तथा महिलाओं से संवाद कर उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा।

**कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्री अभिषेक दावाच्या, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनंद कुमार राय, क्षेत्राधिकारी पुलिस कार्यालय सुश्री शिल्पा वर्मा एवं पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**